हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 2 दिसंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

10 बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध




10 रासेयो शिविर सुखई के अनुभव से...



## सियासत : भाजपा मीडिया प्रभारी ने इस स्टेंटमेंट को फेसबुक पर लिखा

# बूथ में निवासरत प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी से बिना सलाह गठित की गई बूथ समिति, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बूथ में रहने वाले प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी से सलाह लिए बिना बूथ समिति गठित की गई, ऐसा भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी निपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया में 30 नवंबर को लिखा और यह दिन बूथ समिति के गठन का अंतिम दिन था। सोशल मीडिया में मीडिया प्रभारी के आए वक्तव्य पर भाजपाईयों में चर्चा गरमा गई है। बूथ तक यह बात जाने पर जहाँ जहाँ खामियां बरती गई, वहाँ की शिकायतें भी आने लगी।

- चुनाव अधिकारी ने कहा- सभी को बैठक में बुलाना अनिवार्य

भाजपा संगठन की सबसे नीचे की कड़ी बूथ के पदाधिकारियों का गठन 30 नवंबर तक किया जाना था, इसके उपरांत 15 दिसंबर तक मंडल का गठन किया जाना है।







भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी निपेंद्र पटेल ने 30 नवंबर को सोशल मीडिया में एक पोस्ट वायरल किया कि प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी से सलाह लिए बिना बूथ समिति का गठित की गई। उनका यह भी कहना है कि चार लोगों को बैठाकर पद बांट दिया गया है।

इस पोस्ट के वायरल होने के बाद से कांकेर में भाजपाईयों के मध्य चर्चा गरमाई हुई है। पोस्ट में तीन लोगों ने कमेंटस किया है, जिसमें एक ने लिखा है कि बरदेभाटा में भी यहीं हुआ और हर वार्ड का यही हाँल है।

दूसरे ने लिखा है कि चिंतनीय, तीसरे ने लिखा है कि प्रदेश और जिला से ज्यादा महत्व उस बूथ और ग्रामीणों की राय और सहमति जरूरी है और कोई भी इस पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है। इसके अलावा 8 लोगों ने लाईक किया है। इसके बाद इसका स्क्रीनशाट निकालकर भाजपाईयों ने आपस में जो वितरण किया, वहीं से यह चर्चा का बाजार गरमा गया। सोशल मीडिया में जारी पोस्ट को 1 दिसंबर को संसोधन कर स्पष्ट किया गया कि बूथ में रहने वाले प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी से सलाह लिए बिना बूथ समिति गठित की गई।

भाजपा संगठन इस पर आने वाले समय में क्या कदम उठाता है, आने वाला वक्त ही बताएगा, परंतु सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद दिनभर से यह विषय गरमाया रहा।

### मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई

संगठन चुनाव की जिला अधिकारी लक्ष्मी वर्मा से इस विषय पर हरिभूमि ने बात किया तो उन्होने कहा कि मैं परसों यानी 3 दिसंबर को कांकेर प्रवास पर आऊंगी। किसी भी पदाधिकारी को कोई दिक्कत है, मुझे बताएं। अभी तक हमारे पास किसी भी तरह की किसी ने शिकायत नहीं किया है और किसी भी जिला पदाधिकारी का फोन भी नहीं आया है, इसलिए इस पर मैं कुछ नही बोल सकती। किसी को भी शिकायत है, 3 दिसंबर को आकर शिकायत कर सकते है।

### शहरी इलाकों पर ऐसा हुआ

हरिभूमि को जानकारी मिली की यह दिक्कत शहरी ईलाके और पखांजुर तहसील के अंतर्गत आने वाले मंडल में आई है, वहाँ पर गुपचुप ढंग से समिति का गठन किया गया है। सोशल मीडिया में वायरल करने वाले मीडिया प्रभारी ने भी बताया कि बांदे और शहरी ईलाकों में ऐसा हुआ है। मेरे द्वारा सोशल मीडिया में वायरल करने के बाद कई जगह से पदाधिकारियों के फोन आया है कि हमें बैठक में नहीं बुलाया गया और ऐसे लोगों को पदाधिकारी बना दिया, जिसे कोई जानता तक नहीं है। बूथ चुनाव के बाद मंडल का चुनाव होना है और इस चुनाव में भी हडकंप मचने की संभावनाएं दिख रही है। सहमति के बिना थोपने को लेकर लंबे समय से भाजपा में काम करने वाले भाजपाईयों में नारजगी बढ़ सकती है।

# चबेला में पति-पत्नी से मारपीट की, पड़ोसियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चबेला में पति-पति के साथ पड़ोसियों ने मिलकर मारपीट किया। हाथ-मुक्का व बांस के डंडा से मारपीट करने वजह से पति-पत्नी को चोट आई है। ईलाज कराने के बाद महिला थाना पहुंची और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया।

थाना में शिकायत करने पहुंची मरारपारा चबेला निवासी 48 वर्षीय रमेशरी पटेल पति सुरजू पटेल ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी एवं गृहणी का काम करती हूं और 28 नवंबर को शाम लगभग साढ़े 7 बजे मै और मेरे पति घर पर थे, तब मेरे पति मोटर सायकल को अंदर करने के लिए घर से बाहर निकले। बाहर में पड़ोसी अजेन पटेल मोबाईल से बात करते हुए गालियां दे रहा था।

मेरे पति ने अजेन को बोला कि मेरे घर के सामने गाली मत दो, तब अजेन ने मेरे पति को तुम मुझे बोलने वाले कौन होते हो कहकर जोर-जोर से चिल्ला रहा था। आवाज सुनकर मैं घर से बाहर निकली तो अजेन पटेल ने मेरे पति को पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट कर घसीटते हुए अपने घर की ओर ले जा रहा था। अजेन पटेल के पिता बरातू पटेल और उसका बड़ा भाई गजेन्द्र पटेल भी वहां पर आए और सभी एक राय होकर मेरे पति को गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट को देख मैं बचाव करने गई तो मुझे व मेरे पति को अजेन पटेल, बरातू पटेल, गजेन्द्र पटेल ने मिलकर गाली देना दिया और हाथ-मुक्का व बांस के डंडे से मारपीट किया।

मारपीट करने से मेरे सिर, दाहिना भौंह के पास व मेरे पति को सिर और कलाई में चोट लगा है। ईलाज कराने के उपरांत थाना में शिकायत दर्ज कराने आई हूं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट में अधिवक्ता संघ की शानदार जीत

**कांकेर।** जिला अधिवक्ता संघ एवं न्यायिक कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्रीड़ा उत्सव के क्रिकेट फाइनल में अधिवक्ताओं की टीम ने न्यायिक कर्मचारियों की टीम को 6 विकेट से परास्त कर खेल क्षेत्र में भी अपना दबदबा कायम कर दिखाया है। फाइनल मैच देखने के लिए जिले के न्याय विभाग के समस्त न्यायमूर्ति, समस्त अधिवक्ता, समस्त न्यायिक कर्मचारी एवं अन्य दर्शक भी मौजूद रहे।

### कांकेर पीडब्ल्यूडी का दायित्व सरल को मिला



**कांकेर।** लोक निर्माण विभाग उपसंभाग चांपा में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी के. के. सरल को कांकेर लोक निर्माण विभाग का कार्यपालन अभियंता बनाया गया है, यह पद लंबे समय से रिक्त बना हुआ था। एडीबी बलौदाबाजार संभाग के एडीबी के कार्यपालन अभियंता राजेंद्र कुमार सोनकर को कांकेर के सेतु विभाग का कार्यपालन अभियंता पद पर स्थांतरित किया गया है। अंतागढ़ अनुभाग में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी आशा मंडावी का कार्यपालन अभियंता पद पर प्रमोशन मिलने के उपरांत कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग मंडल कांकेर में संलग्न किया गया है।

### डॉ. धनाजूराम का किया गया सम्मान



**दुर्गुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल के प्राथमिक शाला पड़गाल ,पलाचूर के प्रधान अध्यापक डॉ.धनाजूराम नरेटी का छत्तीसगढ़ प्रदेश लोक कलाकार कल्याण मंच के आयोजित कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी एवं छत्तीसगढ़ लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष गुरुदास मानिकपुरी के द्वारा सम्मान किया गया ।

### प्रदेश अध्यक्ष आज जिला कांग्रेस की लेंगे बैठक




**कांकेर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आज 2 दिसम्बर सोमवार को दोपहर 3 बजे राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे, जिसमें नगरीय निकाय चुनाव के तैयारियों पर चर्चा की जाएगी । जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने बताया कि आयोजित बैठक में विधायक सावित्री मनोज मंडावी, प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस पदाधिकारी, पूर्व विधायक, जिले के सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस व शहर जोन सैक्टर बूथ पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

### इलाज के दौरान महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नयापारा भानुप्रतापपुर निवासी कचरो बाई टहलते समय अचानक गिर गई। चोट आने पर ईलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान 16 नवंबर को मौत हो गई। थाना रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।




# मर्रामपानी शाला के प्रधानपाठक की सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के प्राथमिक शाला मर्रामपानी प्रधानपाठक श्यामलाल दुग्गा के सेवानिवृत्त होने पर संकुल के समस्त शिक्षक और ग्रामीणों के द्वारा शाल श्रीफल व गिफ्ट भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक श्यामलाल दुग्गा ने कहा कि मेरे प्रथम नियुक्ति ग्राम कोदापाखा में 21 मार्च 1989 में हुआ एवं 22 वर्ष तक सेवा दिया। प्रधान अध्यापक के पद पर पदोन्नति प्राथमिक शाला गुमड़ीडीह में हुआ वहां 5 वर्ष तक पदस्थ रहा। स्थानांतरण के उपरांत प्राथमिक शाला मर्रामपानी में आया, यहां 9 वर्ष तक सेवा देकर सेवानिवृत्त हुआ हूं। श्यामलाल दुग्गा अपने पूरे कार्यकाल में तपस्वी की तरह सेवा देकर बच्चों को तराशने का कार्य करते हैं। शिक्षक देश के निर्माण के पहली सीढ़ी है, इसलिए हमारे शिक्षक साथी बेहतर सेवि देकर शिक्षकीय गरिमा को बनाकर रखें। पालकों से कहा बच्चे आपके हैं, लेकिन शिक्षक उन्हें आगे बढ़ने की शिक्षा देते हैं। इस अवसर पर हाईस्कूल ▶▶| शेष पेज 08 पर

# बिहान समूह की महिलाओं को कृषि उत्पादन में वृद्धि के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के तहत विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत बिहान समूह की महिलाओं के द्वारा किसानों को कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए समूह के माध्यम से किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। विकासखंड दुर्गुकोंदल के हाटकोंदल क्लस्टर के अंतर्गत चारामा ब्लॉक के हलबा कलक्टर की महिलाएं प्रशिक्षक के रूप में हाटकोंदल कलक्टर के अंतर्गत ग्राम सिवनी में परदेसीराम मंडावी और शैलेंद्री मंडावी के कृषि भूमि में साग सब्जी के लिए खडी मचान और 36 बाई 36 के मॉडल सब्जी लगवाएं जिसमें जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक दवाई मिलाकर बताएं और किसानों को प्रेरित भी किया। किसनो को सब्जी उत्पादन के संबंध में विशेष मार्गदर्शन देते हुए मचान विधि, कीटनाशक, श्री विधि कतार विधि एवं जैविक खाद के बारे में विस्तार से किसानों को बताया गया और फसल की पैदावार मैं बढ़ोतरी उत्पादन एवं खाद बीज दवाई के बारे में बताया गया और लोगों को जैविक खाद के विशेष रूप से जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि विकासखंड दुर्गुकोदल में लगभग 1100 महिला स्व सहायता समूह का गठन किया गया है जो कि समूह की महिलाएं आजीविका मिशन के तहत अपना आय में बढ़ोतरी कर रहे हैं। प्रशिक्षक ऋषि ▶▶| शेष पेज 08 पर

# सेवा संस्थान के बच्चों को गर्म कपड़ों का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



पिछड़ा वर्ग समाज भानुप्रतापपुर द्वारा सामाजिक जनसहयोग की भावना को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दिनों नगर के सामाजिक बंधुओं से चर्चा कर पिछड़ा वर्ग सेवा संस्थान का गठन किया गया। पिछड़ा वर्ग सेवा संस्थान ने ठंड को ध्यान में रखते हुए सरस्वती शिशु मंदिर केवटी द्वारा संचालित सेवा संस्थान के बच्चों को गरम कपड़ो का वितरण किया गया।

पिछड़ा वर्ग सेवा संस्थान का गठन करने का उद्देश्य यह है कि सामाजिक सरोकार को आगे बढ़ते हुए समाज में गरीब और असहाय लोगों का मदद करना, साथ ही क्षेत्र में जन सहयोग को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक क्षेत्र में रचनात्मक कार्य करना । सप्ताह में एक दिन कम से कम सामूहिक जन सहयोग के माध्यम से लोगों का सेवा करना का निर्णय लिया गया, इसी के तहत 1 दिसंबर को सरस्वती शिशु मंदिर केवटी द्वारा संचालित सेवा संस्थान के बच्चों को ठंड के मौसम को देखते हुए गरम कपड़ा वितरण किया गया। कपड़ा वितरण में सेवा संस्थान को जितेंद्र जायसवाल के द्वारा कपड़ा दान किया गया। संगठन ने क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों की मदद करने के लिए आप लोग भी दान देकर पिछड़ा वर्ग सेवा संस्थान का मदद करते हुए इस पूर्ण कार्य में भागीदारी निभा सकते हैं।

आयोजित कार्यक्रम में माथेश्वर जैन, अरविंद जैन, ज्वाला जैन, नरोत्तम सिंह, दीपक गजेन्द्र, हरेश चक्रधारी संस्था के प्राचार्य ज्योति शोरी, संरक्षक हेमलता जैन, गजानंद डड़सेना, राजू श्रीवास, अवध डड़सेना, केंवटी के उपसरपंच रोहित केमरो, मनोज रावटे व अन्य उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त आईपीएस सलाम का गृहग्राम में किया स्वागत

**कांकेर।** 21 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल करकाभाट में पदस्थ आईपीएस पटौद निवासी एसआर सलाम सेवानिवृत्त होकर ग्रहग्राम पटौद पहुँचने पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर उनका स्वागत किया और आगे के जीवन जीने की बधाई दिया। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी आईपीएस एसआर सलाम 21 वी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल करकाभाट जिला बालोद से 30 नवंबर को सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्त होने पर उनको जवानों ने करकाभाट में विदाई दिया। सेवानिवृत्त आईपीएस एसआर सलाम सेवानिवृत्त होकर अपने गृहग्राम



पटौद 1 दिसंबर को पहुँचे, ग्रामीणों को उनके आने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर उनको भव्य स्वागत किया और उनके सफलतापूर्वक सेवा के लिए बधाईयां एवं शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि एसआर सलाम 1996 से भारतीय पुलिस में अपनी सेवा दे रहे थे। उन्होने कहा कि सरकार ने जो जिम्मेदारी दिया, उसे बेहतर ढंग से निभाया। स्वागत के दौरान बरम सलाम, चैतराम वट्टी, भगवान साहू, गौकरण सलाम, परिवारजनो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भुईगांव निवासी 23 वर्षीय युवराज उईके ने अज्ञात कारणो के चलते 29 नवंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भुईगांव निवासी 60 वर्षीय गंगाराम उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते म्यार में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# ट्रैक्टर से फिसलकर गिरने से मौत, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




पखांजुर तहसील के अंतर्गत ग्राम बारदा में ट्रैक्टर के चक्का में फंसकर मौत होने के प्रकरण में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में चालक को आरोपी पाया गया, जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पखांजुर पुलिस ने विवेचना में पाया कि 29 नवंबर को निर्मल गोलदार ने सतीश सरदार के ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 3826 से रेगहा खेत का जोताई करने के लिए रंजित हलधर को भेजा था। बारदा के खेत में जुताई कर रहा था। निर्मल गोलदार जब पीव्ही 61 बलरामपुर निवासी रंजित हलधर पिता सुधांशु हलधर के लिए खाना लेकर खेत में पहुंचा तब देखा कि रंजित का धड़ ट्रैक्टर के चक्का में फंसा था, एक पैर ट्रेक्टर के पीछे तरफ गिरा पड़ा था। मृतक रंजित हलधर के साथ हिरे सिंह दुग्गा था, जिसे पूछने पर बताया कि ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 19 बीएस 3826 को मैं चला रहा था।

बगल में रंजित हलधर बैठा था जो खेत जोताई के दौरान रंजित हलधर अचानक फिसल कर ट्रेक्टर चक्का में गिरकर फंस गया व उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चालक हिरे सिंह दुग्गा के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बूंदा-बांदी के कारण महौल बोझिल रहा, किसानों की चिंता बढ़ी


# फेंगल चक्रवात के कारण अंचल में दिनभर छायी रही बदली, सूर्य नारायण के दर्शन ही नहीं हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

फेंगल चक्रवात का प्रभाव कांकेर में शनिवार को रात से दिखाई दिया और उसी दिन से बादल गहराने लगे थे। शनिवार को रात 8 बजे के आसपास हल्की बूंदाबांदी भी हुई। रविवार को सुबह से सूर्य दर्शन भी नहीं हो पाएं और कांकेर में दिनभर बादल छाएं रहे।

- दो तीन दिन तक मौसम के हालात में परिर्वतन होने के आसार नहीं

मौसम विभाग के अनुसार फेंगल चक्रवात के कारण अगले 3-4 दिन तक नमी का असर रहेगा। अगले 2-3 दिन तक प्रदेश में मौसम ठंडा और गर्म बना रहेगा। रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी, जबकि बादलों के कारण दिन का तापमान थोड़ा कम रहेगा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 3 नवंबर मंगलवार तक बादल छाए रहेंगे। हालांकि इसका असर अधिकतम तापमान पर नहीं पड़ेगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में 03 से 05 डिग्री की बढ़ोतरी के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक गहरा अवदाब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है, लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके और अधिक प्रबल होने की संभावना है। उसके बाद इसके लगातार उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए, श्रीलंका तट को छूते हुए दक्षिण के कई राज्यों में तूफान ने तबाही मचा दिया है और उसी के प्रभाव से कांकेर जिले के मौसम में भी बदलाव हुआ है।



मौसम में बदलाव हो जाने से किसानों को सबसे ज्यादा चिंता सता रही है। खुले आसमान में धान को सुखा रहे किसानों को शनिवार की हल्की बूंदाबांदी ने परेशान कर दिया। सूर्य भगवान के नहीं निकलने से धान में जो नमी आई है, उससे पेरशानी किसानों को बढ़ गई है। नमी बढ़ने से किसानों को धान बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। खुले आसमान में किसानों के रखे हुए धान अब मौसम खुलने के बाद ही बेचने की स्थिति में होंगे। किसान धान को धूप दिखाने के बाद ही बेंच पाएंगे। किसानों को धान बेचने की अब चिंता सताने लगी है।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**



## संविधान देश की प्रगति और एकता का आधार है

**धमतरी।** कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी द्वारा डॉ. ईश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भारतरत्न संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। केन्द्र के श्री सिंह ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है बल्कि यह देश की प्रगति और एकता का आधार है। डॉ. अमित सिन्हा ने संविधान के निर्माण, उसके ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा की। डॉ. शक्ति वर्मा ने संविधान में निहित नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को बताया। मनीषा खापर्डे ने बताया कि भारतीय संविधान न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक भी है। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी के डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी, आशीष बंजारे प्रक्षेत्र प्रबंधक, रीतिका ठाकुर कार्यक्रम सहायक समेत कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित थे।

## न्योता भोज में पोहा एवं जलेबी का वितरण



**धमतरी।** डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय माध्यमिक शाला धमतरी में संस्था के पालक सदस्य शिवप्रसाद नेताम ने अपने पुत्र डिगेश नेताम के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया। विद्यार्थियों को पोहा एवं जलेबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक सुभद्रा कश्यप, दिनेश सोनकर, साधना साहू, आरती शिंदे, प्रमिला गजेंद्र सहायिका सुनीता देवांगन उपस्थित थी।

## जेवियर्स के छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**धमतरी।** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन डॉ एएफ पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती डॉ. ग्रेस पिंटो के निर्देशन में धन्यवाद ज्ञापन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा हुई। समारोह पास्टर जेम्सराम भंडारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। श्री भंडारी ने कहा कि ईश्वर ने अपनी खूबसूरत रचना में प्रकृति के हर तत्व को महत्वपूर्ण माना है। इसका संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। स्कूल के बच्चों ने रुद्री चौक एवं आरटीओ ऑफिस के आसपास सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

## मोदी-साय सरकार में हर वर्ग खुश

**धमतरी।** मां कालिका शक्ति केंद्र के बूथ स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर बैठक महंत घासीदास वार्ड के मां कालिका मंदिर हाल में हुई। चुनाव प्रभारी मंडल अध्यक्ष विजय साहू, सहप्रभारी दिलीप पटेल ने कहा कि भाजपा का संगठन चुनाव जोरों पर है। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के कारण आज भाजपा एक बड़ी शक्ति बनकर विश्व पटल पर स्थापित है।

**पेज 7 के शेष**

### मर्रामपानी शाला के...

प्राचार्य प्रकाश गोस्वामी, व्याख्याता गोपाल जयते, शिक्षक सोमनाथ दुग्गे, पूरन जुर्री, सुरेंद्र केसरिया, लिगेन्द्र गोयल, पंकज नरेटी, रूबम देवांगन, संजय उयके, नंदेश्वरी पुजारी, अशोक जैन, बिदेसिंग कल्लो, सोहन उयके, प्यारेलाल कल्लो, माहरूराम उयके, कछेरी उयके, श्यामलाल कुमेटी, ग्राम पटेल लालजी दुग्गा, सूरज दर्रो उपस्थित रहें।

### बिहान समूह की...

कुंवरवशी, रिकेश्वरी यादव टिकेश्वरी कुंजाम, करुणा द्विवेदी, सेवती मटियार, रोशनी महावीर, खलेंद्री ठाकुर एवं महिला सहायता समूह की सक्रिय महिला भुवनेश्वरी जैन, माधुरी महावीर पशु सखी, संतो महावीर कृषि सखी, रूपोतीन कोमरे उपस्थित रही।

**स्पर्धा : अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया भव्य शुभारंभ**

# रामकृष्ण मिशन नारायणपुर ने चरचा कोरिया को पहले मैच में दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- शारीरिक और मानसिक विकास के साथ समाज में एकता की भावना जगाता है खेल : लता

खेल नगरी के रूप में पहचान बना रहे कोण्डागांव में अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पांच राज्यों की 16 टीमों ने हिस्सा ले रहीं है, जो खेल प्रेमियों के बीच उत्साह का संचार कर रही है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोण्डागांव की विधायक सुश्री लता उसेंडी उपस्थित रहीं।

समारोह में खिलाड़हयों और दर्शकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिला। सुश्री लता उसेंडी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खे भावना के साथ प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि समाज में अनुशासन और एकता की भावना भी जगाता है। प्रतियोगिता का पहला मैच रामकृष्ण मिशन फुटबॉल टीम नारायणपुर और चर्चा फुटबॉल टीम, कोरिया के बीच खेला गया। रामकृष्ण मिशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस मुकाबले में जीत दर्ज की। खिलाड़ियों का कौशल और सामंजस्यपूर्ण खेल दर्शकों को रोमांचित कर गया। यह मैच प्रतियोगिता का एक यादगार प्रारंभ साबित हुआ।






अपने संबोधन में सुश्री लता उसेंडी ने कोण्डागांव में अलग से एक फुटबॉल ग्राउंड बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल को बढ़ावा देने के लिए जिले में खेल संरचना का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को खेलों में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया और बताया कि सरकार भी इस दिशा में कई योजनाएं चला रही है। प्रतियोगिता के आयोजन ने स्थानीय युवाओं के बीच खेल के प्रति उत्साह और जोश को नई ऊंचाई दी है। कोण्डागांव जैसे क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिताओं से स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### आयोजन का है ये उद्देश्य

*इस अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है, बल्कि खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। प्रतियोगिता आगामी कुछ दिनों तक चलेगी। जिसमें अन्य टीमें भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। कोण्डागांव का यह आयोजन न केवल खेल जगत में एक नई पहचान बनाएगा, बल्कि जिले के विकास में भी सहायक साबित होगा।*

## छाती सोसाइटी के अध्यक्ष को प्रदेश महामंत्री ने दिलाई शपथ



- छग के किसानों को मिल रही धान की सबसे अधिक कीमत : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छाती के प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में ललित साहू ने शपथ ली। श्पथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि रामू रोहरा भाजपा प्रदेश महामंत्री, हेमंत चंद्राकर अध्यक्ष भोथली मण्डल भाजपा, महामंत्री द्वय प्रीतम साहू, मिश्री पटेल, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग, दयाराम साहू, कविन्द्र जैन, अरविंदर मुंडी, रोहताश मिश्रा, यतीश भूषण श्रीवास्तव, बल्ला चंद्राकर थे।

इस अवसर पर ललित साहू ने अपने मनोनयन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संगठन महामंत्री रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस एवं भोथली मण्डल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए किसानों की समस्या तथा बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास करने का वचन दिया। मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर ने प्राधिकृत अध्यक्ष श्री साहू को धान विक्रय केन्द्र में बेहतर सुविधा के लिय सुझाव एवं सहयोग का आश्वासन दिया। रामू रोहरा ने भारत वर्ष में सबसे अधिक धान की कीमत के लिए भाजपा सरकार को किसान हितैषी बताते हुए सरकार की प्रशंसा की। समिति के व्यवस्थापक नरेंद्र साहू संचालन एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश चंद्राकर, बंटी दिली, कांतु साहू, विजय ढीमर, खिलेन्द्र चंद्राकर, बलवंत यदु, दुर्गा धनकर, विष्णु चंद्राकर, रेवाराम, टहल राम, पुरुषोत्तम चंद्राकार, नारायण दिली, बाबूलाल साहू, कुंवर लाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का करमरी में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- तीन दिवसीय आयोजन में 23 स्कूलों के 550 विद्यार्थी लेंगे भाग
- गोला फेंक और फीता काटकर खेल प्रतियोगिता की शुरुआत की गई

करमरी में तीन दिवसीय जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े ही धूमधाम के साथ किया था। प्रतियोगिता 26 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित की जा ए गी । उ द् घा ट न समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत माकड़ी की सभापति श्रीमती पिंकी राठौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी और मां सरस्वती के चित्रों की पूजा–अर्चना से किया गया। इसके बाद संकुल स्तरीय ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। तिलक और चंदन से अतिथियों का स्वागत हुआ, जिसके बाद संगीतमय वातावरण में बच्चों ने मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।



शुभारंभ की अगली कड़ी में ग्रामीणों द्वारा गोला फेंक और फीता काटकर खेल प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में संकुल केंद्र शामपुर और करमरी के अंतर्गत प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के कुल 23 स्कूलों के 550 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इन बच्चों ने विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर लाल पटेल ने की। अन्य विशिष्ट अतिथियों में ग्राम पटेल खगेश्वर नेम, सरपंच चुन्नीलाल नायक, पूर्व सरपंच श्रीमती कंचन शोरी, श्रीमती कमलेश्वरी नेताम, श्रीमती टोकेश्वरी नेताम और राजेंद्र नेताम शामिल रहे। प्रतियोगिता के शेष दिनों में भी विभिन्न गतिविधियों और खेलों के आयोजन की उम्मीद है जो प्रतिभागियों के कौशल और प्रतिभा को और निखारने का अवसर प्रदान करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर संकुल समन्वयक हरीश शोरी, रामदेव कौशिक, अमिताभ मिश्रा और अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता के पहले दिन बच्चों के उत्साह और प्रतिभा ने सभी का मन मोह लिया।*

## वाजपेयी के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन की सरकार: रामू

- कुर्रा में भाजपा प्रदेश महामंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने ग्राम कुर्रा में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन एवं मूर्ति अनावरण किया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय रुके विकास कार्यों को विष्णुदेव सरकार सांय-सांय कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लागू किया जा रहा है। उन्होंने महतारी वंदन योजना का फीडबैक लेते हुए कहा कि प्रत्येक माह हमारी माताओं व बहनों के खाते में राशि आ रही जिससे वे संबल हो रही हैं।

उन्होंने शाला के अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण अवसर पर कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में मेहनत करें तो सफलता निश्चित ही प्राप्त होगी।



उन्होंने बच्चों से मोबाइल का उपयोग आवश्यकतानुसार करने की सलाह दी। श्री रोहरा ने ग्राम कुर्रा में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। श्री रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश श्री वाजपेयी की देन है। डबल इंजन की सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है।

कार्यक्रम को मुरारी यदु अध्यक्ष भाजपा मंडल आमदी , दमयंती साहू सदस्य जिला पंचायत, हेमंत माला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अमन राव महामंत्री भाजपा मंडल आमदी ने किया।

मौके पर मानिक साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, रीखम राव, अजब देवांगन, लीलाराम नेताम, रोमन साहू, आशा साहू, परमेश्वर साहू, खम्हन साहू सरपंच, प्रभुराम साहू बुथ अध्यक्ष, अमर सिंह, भीषम साहू, अर्जुन साहू, मीना साहू, भुनेश्वरी यादव, एकनाथ साहू, गोपी साहू, देवव्रत साहू, छत्रपाल सिन्हा, शिवनारायण सिन्हा, गणेश राव, डॉ.सीपी शर्मा, पुरूषोत्तम साहू, प्राचार्य बीआर साहू, व्याख्याता खिलेश्वरी बनपेला, मिथिलेश सिन्हा, किरण साहू, हेमंत साहू, हिना भूआर्य, गोदावरी साहू उपस्थित थे।



## विभिन्न कोर्स में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए लाईवलीहुड कॉलेज में जिले के पंचायतों द्वारा चिन्हित पात्र युवाओं से आवेदन 5 दिसम्बर तक आमंत्रित किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंचायतों के चिन्हित 10 वीं पास युवक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत फील्ड टेक्निशियन कम्प्यूटिंग एंड पेरीफेरल्स (कम्प्यूटर हार्डवेयर) कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 साल तक की आयु वर्ग के 12वीं पास इच्छुकों से 10 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## बूथ 46 के कपिल देव, बूथ 47 के टेकराम बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिवनीकला में बूथ अध्यक्षों के निर्विरोध चयन के साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस व अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में बूथ पदाधिकारी का गठन थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी व पूरनलाल घृतलहरे शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। बूथ क्रमांक 46 अध्यक्ष कपिलदेव पटेल, सचिव इंदु आडिल, बीएलओ 2 तीजूराम पटेल, युवा प्रमुख दिलेंद्र यादव, महिला प्रमुख खोमेश्वरी साहू, व्हाट्सएप प्रमुख साहिल साहू, मन की बात प्रमुख बलराम पटेल, स्वच्छता प्रमुख काशीराम साहू, दिलीप साहू, मोटरसाइकिल प्रमुख शैलेंद्र पाल, छग कार्यक्रम प्रमुख अरुण साहू, सामाजिक प्रमुख डोमेनलाल डांडे, दीप कमल प्रमुख निर्मल पाल, लाभार्थी प्रमुख टिकेंद्र पटेल, पन्ना प्रमुख छविराम पाल बनाए गए। अन्य सदस्यों का भी गठन किया गया।

इसी प्रकार बूथ क्रमांक 47 में बूथ अध्यक्ष टेकराम साहू, सचिव चंद्रप्रकाश साहू, बीएलओ 2 नागेश साहू, युवा प्रमुख समीर साहू, महिला प्रमुख राधिका पटेल, व्हाट्सएप प्रमुख त्रिलोचन साहू, मन की बात प्रमुख पुरुषोत्तम पटेल, स्वच्छता प्रमुख ललित पटेल, की वोटर प्रमुख विक्रम साहू, मोटरसाइकिल प्रमुख सुरेश, पन्ना प्रभारी लोमश साहू व अन्य सदस्यगण का गठन निर्विरोध रूप से किया गया।

## 19 एमएलडी एसटीपी प्लांट का निर्माण पूरा ट्रायल के बाद होगा नगर निगम को हैंडओवर

**धमतरी।** मुजगहन स्थित 19 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। महापौर विजय देवांगन और आयुक्त प्रिया गोयल ने प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, संचालन प्रक्रिया और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। ठेकेदार ने जानकारी दी कि निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब प्लांट को ट्रायल एवं मेंटेनेंस के लिए चालू किया गया है। यह प्रक्रिया एक वर्ष तक चलेगी। इसके बाद ही इसे नगर निगम को सौंपा जाएगा। महापौर विजय देवांगन ने कहा कि एसटीपी प्लांट धमतरी शहर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे शहर की सीवेज समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। आयुक्त प्रिया गोयल ने प्लांट की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि संचालन के लिए आवश्यक स्किल वर्कर की अभी से नियुक्ति की जाए। एसटीपी प्लांट की गुणवत्ता प्राथमिकता होनी चाहिए। महापौर और आयुक्त ने जोर देकर कहा कि परियोजना की सफलता इसके कुशल संचालन पर निर्भर करती है। निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ट्रायल अवधि के दौरान सभी तकनीकी समस्याओं को हल किया जाए।

**बारना में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन**

# रासेयो से होता है व्यक्तित्व विकास : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम बारना में उच्चतर माध्यमिक शाला कातलबोड़ का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित किया गया। समापन 27 नवम्बर को हुआ। मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास होता है। अध्यक्षता कर रहे रूपचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बारना ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन, समय का मैनेजमेंट जरूरी है। कार्ययोजना बनाकर कार्य करें, व्यसन से दूर रहें। विशिष्ट अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति बारना ने बताया कि स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम अच्छा रहा। माखनलाल साहू पूर्व सरपंच ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

टीकाराम साहू ने कहा कि व्यसन से दूर रहें। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी तुकेश्वर साहू ने किया। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुकेश पटेल व्याख्याता ने स्वागत भाषण दिया। सुभाष सोनवानी ने देशभक्ति गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर व्याख्याता जया यादव, चिंता राम साहू, गौरीशंकर पटेल, कुंजलाल साहू, मोती ध्रुव, उपसरपंच दौलत राम साहू, खिलावन प्रजापति, कलीराम साहू, अमृत यादव, सचिव मनीराम साहू, केवल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।




## गर्भवती को खाट पर लादकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया

**बीजापुर।** जिले के उसूर ब्लाक के अंदरूनी व संवेदनशील गांव बोगला नदीपारा में रहने वाली गर्भवती महिला को युवकों ने खाट में लादकर नदी नाले पार कर एम्बुलेस तक पहुंचाया। मिली जानकारी के मुताबिक मडकम मंगो पति मडकम अंदो उम्र 20 वर्ष रविवार की सुबह प्रसव पीड़ा से असहाय महसूस कर रही थी। महिला ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रसव पीड़ा के बारे बताया। जिसके बाद बोगला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने 102 एम्बुलेस को फोन कर इसकी जानकारी दी। वहीं पति मडकम अंदो ने अपने गांव के कुछ युवाओं से मदद मांगी और युवाओं ने तत्काल खाट में लादकर नदी नाले पार कर 102 एंबुलेंस तक पहुंचाया। महिला को आवापल्ली अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है और अब वह खतरे से बाहर है।

## दंतेश्वरी मंदिर से मैराथन में सैकड़ों लोगों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को वर्ल्ड एड्स डे में मैराथन और एड्स जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों युवक-युवती व बड़ी संख्या में नागरिक सम्मलित होकर अभियान का हिस्सा बने।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डॉ. मैत्री , डॉ.रीना लक्ष्मी लेंडिया एवं मेडिकल कॉलेज डिमरापाल से प्रोफेसर डॉ. केएल आजाद और डॉ.कमलेश इज़ारदार भाग लिया। डॉ. बसाक ने एड्स के परिवर्तित नाम पीएलएचए की भयावहता पर प्रकाश डालते हुए बस्तर को एड्स मुक्त करने की बात कही। डॉ. आजाद ने जीवन में किसी भी प्रकार का नशा ना करने कहा। डॉ. कमलेश ने युवाओं को एड्स से बचाव के तरीकों के प्रति मार्गदर्शन दिए। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट संदीप कमांडर मुरारका के मार्गदर्शन में बस्तर यूनिट के प्रेसिडेंट अनिल लुंकड़ एवं सदस्य अनिल अग्रवाल,विधू शेखर झा,कोटिश्वर नायडू,मनीष मूलचंदानी,रतन व्यास, ललित अग्रवाल मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 14 को

**दंतेवाड़ा।** जिला न्यायालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आगामी 14 दिसंबर को जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत आपसी सुलह या बातचीत की एक ऐसी प्रणाली है, जहां अदालत में लंबित मामलों या विवाद या जो मुकदमेबाजी से पहले के चरण में हैं, उन दो पक्षों में समझौता किया जाता है, या सौहार्द्रपूर्ण तरीके से निपटाया जाता है। लोक अदालत त्वरित और सस्ते न्याय के लिए वैकल्पिक समाधान या युक्ति प्रदान करती है! इस हेतु 14 दिसंबर को जिला न्यायालय दंतेवाड़ा, तालुका बीजापुर सुकमा बचेली में खंडपीठों का गठन करके नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा और उसमें विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### समृद्ध भविष्य को आकार देने सहकारी नेता एक साथ आएंगे

**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के इतिहास में वैश्विक सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि यह आयोजन 130 साल के इतिहास में पहली बार भारत में हो रहा है। यह सम्मेलन भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसमें दुनिया भर के सहकारी नेता सभी के लिए एक सामूहिक, शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों की भूमिका का पता लगाने के लिए एक साथ आएंगे। उक्त सम्मेलन के संबंध में सहकार भारती छत्तीसगढ़ के प्रदेश मंत्री संगठन मंत्री हेमंत पांडे ने बताया कि सहकार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी, प्रान्त महामंत्री करुणानिधि यादव, प्रान्त संगठन मंत्री हेमंत पांडे, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के महासम्मेलन नई दिल्ली में भाग ले रहे है।

### छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस पर 6 साहित्यकार सम्मानित




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के द्वारा रायपुर में छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस का आयोजन गुरुवार को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू , अनुज शर्मा, अन्बलगन पी शामिल हुए। न्यू कांफ्रेंस हाल सर्किट हाउस, सिविल लाइन में हुए इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल के साहित्यकारों के द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी बोली के 12 किताबों का विमोचन किया गया और 6 साहित्यकारो को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर जिले से साहित्यकार शशांक शेण्डे, भरत गंगादित्य, कृष्ण शरण पटेल, शिरीष टिकरिहा, चमेली नेताम, डालेश्वरी पांडे और जयश्री शेण्डे ने अपनी सहभागिता दर्ज की। यह जानकारी बस्तर जिला के राजभाषा समन्वयक चमेली नेताम ने दी।

## खाद्य विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं

# हितग्राहियों के राशन सामग्री में कटौती से विधायक हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर जिले में प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब परिवार को दिए जाने वाले चावल, शक्कर, गुड़, चना, नमक वितरण में गड़बड़ियों की शिकायतें थमने का नाम नही ले रही है। हर महीने राशन दुकानों को उनके कोटे की सामग्री पूर्णरूपेण आबंटित नही की जा रही है जिसकी वजह से हितग्राहियों और राशन दुकान संचालकों को परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। शनिवार को बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत बाग़मोहलई 2 के राशन दुकान में उक्त किस्म की गड़बड़ी सामने आई। विधायक जब वहां पहुंचे तब राशन दुकान में पीडीएस सामग्री ट्रक से राशन दुकान में रखवाया जा रहा था। विधायक ने राशन दुकान के विक्रेता से एक बोरा को तौल करने की बात कही। विक्रेता द्वारा विधायक के सामने चावल बोरा तौल करके दिखाया गया। विधायक ने राशन दुकान विक्रेता से कहा कि राशन सामग्री आती है तो क्या राशन सामग्री में कटौती की जा रही है।



राशन दुकान के विक्रेता के द्वारा विधायक को अवगत कराया गया कि इस महीने की डिमांड में 139 क्विंटल चावल आने का था लेकिन मात्र 126 क्विंटल चावल ही आया है गुड़ की मात्रा भी कम आया है गुड़ 40 पैकेट आना था सिर्फ 28 पैकेट ही भेजा गया है। विक्रेता ने कहा कि यह समस्या कई महीनों से चली आ रही है, हमने कई दफा इस विषय पर खाद्य विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, इसके बावजूद राशन सामग्री की कटौती जारी है, क्यों कटौती की जा रही है यह समझ से परे है।

### चखा गुड़ का स्वाद

विधायक ने राशन दुकान में आए हुए गुड़ पैकेट से गुड़ निकालकर चखा साथ ही उनके साथ आए हुए जनप्रतिनिधियों ने भी गुड़ खाकर देखा। विधायक ने कहा कि जिस प्रकार गुड़ का देसी स्वाद होना चाहिए उस प्रकार का नहीं है।

### अधिकारियों को बुलाकर करेंगे समीक्षा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि राशन दुकानों में राशन सामग्री क्यों कम भेजा जा रहा है, कटौती क्यों की जा रही है खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा की जाएगी। यह एक पंचायत का मामला नहीं है। बस्तर विधानसभा क्षेत्र के कई ऐसी पंचायतें हैं, जहां पर ऐसी समस्या आ रही है कई दफा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारे लेकिन व्यवस्था नही सुधर पा रही है न ही उच्च अधिकारी इस विषय में गंभीर दिख रहे हैं।

### नहीं मिल रहा है राशन

विधायक ने चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्र के कई पंचायत के ग्रामीण जन फोन करके अवगत कराते हुए कहा कि हमें वहां पर अंगूठा लगवा लिया जाता है लेकिन चावल नहीं दिया जा रहा है।

## जैविक खेती की बदौलत राजेश ने बदली अपनी किस्मत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

एक दौर वह भी था जब अधिक फसल उत्पादन के लालसा में कृषक रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग कर रहे थे। फलस्वरूप फसल उत्पादन में बढ़ोतरी तो हुई परन्तु उसके दुष्परिणाम भी सामने आए। फसल में स्वाद और पौष्टिकता को अभाव रहा, इसके अलावा नये प्रकार के फसल व्याधियों कीटों का भी सामना कृषकों को करना पड़ा। साल दर साल भूमि की उर्वरता में कमी होने से फसलें उत्पादन में फर्क पड़ा। तब शासन-प्रशासन का ध्यान पुनः जैविक खेती की ओर गया और अब जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए शासन द्वारा किसानों को हर संभव तरीके से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके लिए शासन किसानों को सब्सिडी भी दे रही है। कृषकों में भी जागरूकता आई और वे जैविक खेती का अनुसरण करना प्रारंभ कर दिया। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। और वर्तमान में कई प्रगतिशील कृषक जैविक खेती करके फसल का अच्छा लाभ ले रहे हैं। इससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है और उपभोक्ताओं को भी बिना रासायनिक खाद के फल, सब्जियां और अनाज मिल रहा है।

ऐसे ही जिले के टेकनार निवासी राजेश नाग प्रगतिशील कृषक है। जिन्होंने जैविक खेती अपनाकर अपनी आय को सात गुना तक बढ़ा लिया है। खास बात यह है कि राजेश नाग पहले वे छोटे पैमाने पर सब्जी की खेती करते थे, जो मुख्य रूप से उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त होती थी।

## कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर ने स्वास्थ्य सेवा में एक नई मिसाल कायम करते हुए सुषमा विंग्स एनजीओ, बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज़, ज़िला व्यापारी संघ और जिला अस्पताल के साथ मिलकर केशकाल और नारायणपुर में एक व्यापक और प्रभावशाली कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। इस मेगा कैंप में 340 से अधिक मरीजों की विस्तृत स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 45 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की मोबाइल मैमोग्राफी वैन के जरिए जांच की गई। कैंप के दौरान पैप स्मीयर, ब्रश साइटोलॉजी और मुंह की जांच जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रारंभिक चरण में कैंसर की पहचान सुनिश्चित की गई। चिकित्सकों ने न केवल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान की, बल्कि उपस्थित लोगों को इसके बचाव और रोकथाम के उपायों के प्रति भी जागरूक किया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और सुदूर इलाकों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और शुरुआती कैंसर निदान की सुविधा प्रदान करना था।

बालको मेडिकल सेंटर अपनी मोबाइल मैमोग्राफी वैन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों में कैंसर के खिलाफ जंग को एक नई दिशा दे रहा है। प्रारंभिक पहचान के माध्यम से यह पहल न केवल मरीजों के जीवन को बचाने में मददगार साबित हो रही है, बल्कि कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह पहल बालको मेडिकल सेंटर की समाज के प्रति प्रतिबद्धता और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता का प्रतीक है।

### 80 कृषि मित्रों को सिखाया जाएगा ऑर्गेनिक कृषि के तरीके

**दंतेवाड़ा।** जिला दंतेवाड़ा एक जैविक जिला के रूप में पूरे देशभर में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है एवं यहां की जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु जिले के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा प्रारंभ से ही इस दिशा में प्रयासरत है। ताकि स्थानीय कृषक जैविक खेती से जुड़कर अपनी कृषि भूमि को उर्वरक क्षमता को बढ़ाकर अपने फसल उत्पाद में बढ़ोतरी कर सकें। इस क्रम में कृषि विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में अभिसरण कर बिहान मिशन में कार्यरत 80 कृषि मित्रो एवं पशु सखियों को सम्मिलित रूप से ऑर्गेनिक खेती के वैज्ञानिक गुणों को सिखाने हेतु देश के विख्यात संस्थान कृष्णा सुधा एकेडमी ऑफ एग्रोएकोलॉजी, विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु भेजा गया है।
प्रशिक्षणार्थियों के बस को विगत दिवस 25 नवंबर को जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## डंकिनी नदी घाटों की सफाई नियमित करना सुनिश्चित हो: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के डंकिनी सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा ली गई। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने विगत दिवस हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम प्रवास के दौरान प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से किए जाएं क्योंकि इन आवेदनों के निराकरण की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री सचिवालय से की जाती है अतः इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने डंकिनी नदी के घाटों की सफाई की ओर ध्यानाकर्षित करते हुए कहा कि घाटों की सफाई नियमित और सुनियोजित तरीके से किए जाएं इसके लिए नगरपालिका एवं लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय से कार्ययोजना तैयार करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि कई बार यह देखा गया है कि विभागीय गाइडलाइन एवं सर्कुलर आदेश के चलते अत्यंत जरूरतमंद हितग्राहियों को वांछित लाभ नहीं मिल पाता और ऐसे प्रकरण अक्सर शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत आते रहते है। इनमें शैक्षणिक विषयवस्तु या फिर मरीजो के उपचार संबंधी मसले हो। अतः इसे देखते हुए ऐसे हितग्राहियों को डीएमएफ मद से सहायता दी जा सकती है इसके लिए कमेटी का गठन करने की आवश्यकता है, जिसके अनुषंसा से ऐसे लाभार्थियों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके लिए संबंधित विभाग आवश्यक कार्यवाही करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने जन शिकायत, पीजीपोर्टल, सीएम जनदर्शन, से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## विधायक की मौजूदगी में बाल संसद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

संविधान दिवस के मौके पर गीदम ब्लॉक के बारसूर में अनूठा आयोजन हुआ। इसमें युवा संसद का मंचन करते स्कूली छात्र-छात्रा मंझे हुए राजनेताओं की तरह सवाल-जवाब और तर्क-वितर्क करते दिखे।

सबसे खास बात यह थी कि दर्शक दीर्घा में बैठे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी भी बच्चों के इस अद्भुत कौशल व अर्जित ज्ञान को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। दरअसल, इस युवा संसद में हूबहू भारतीय संसद की तरह स्पीकर से लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद, मन्त्रिमण्डल के प्रधानमंत्री से लेकर विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में बच्चों ने अपनी वाकपटुता और धाराप्रवाह शैली से उपस्थित



जनों को प्रभावित किया। सहमति में मेजें थपथपाना हो, या फिर शपथ ग्रहण, प्रश्नकाल, पूरक प्रश्नोत्तरी, तीखे सवाल-जवाब, गहमा-गहमी सब कुछ ने मिलकर संसद का वातावरण बना दिया था। शुरुआत दिवंगत मशहूर कृषि वैज्ञानिक व हरित क्रांति के जनक डॉ एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। संविधान दिवस के मौके पर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में यह युवा संसद का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि चैतराम अटामी ने कहा कि संसदीय प्रक्रिया को जानना बहुत जरूरी है। बच्चों ने यह बेहतर ढंग से दिखाया कि संसद कैसे चलाई जाती है। पढ़ाई के साथ इस तरह की रचनात्मकता और ज्ञान का अर्जन जरूरी है। भारतीय संविधान में सारे वर्गों का उल्लेख है। इसीलिए हम सभी को मिलकर संविधान का मान-सम्मान करना चाहिए। विधायक ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें, फिर कोई आपको सफल होने से नहीं रोक सकता है। विधायक ने नवोदय विद्यालय परिसर में हाई मास्ट लाइट और मैदान समतलीकरण कार्य करवाने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने स्वागत उद्बोधन में विद्यालय के गौरवशाली रिकॉर्ड की जानकारी देते बताया कि इस विद्यालय से पासआउट छात्र-छात्राएं देश-विदेशों में कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम में जिपं सदस्य बैसु मंडावी, गीदम जनपद अध्यक्ष अन्ति वेक, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, भाजपा नेता संतोष गुप्ता, अभिमन्यु सोनी, बद्रीनाथ, भुनेश्वर भारद्वाज, जसबीर नेगी मौजूद थे।

## लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में गीदम विकासखंड के समलूर ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं मितानिनों एवं स्वास्थ्य कर्मियों, शासकीय हाई स्कूल समलूर के बच्चों को महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार पर प्रशिक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत उसके उद्देश्यों के बारे में बताया गया। जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं के उचित मनोवैज्ञानिक शारीरिक तथा सामाजिक विकास की नींव रखने एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं लिंग परीक्षण न करने हेतु जागरूकता जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई। संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर द्वारा घरेलू हिंसा से संरक्षण के विषय में बताया गया कि महिलाओं के संबंध में आपराधिक कृत्य, महिला घरेलू हिंसा की शिकायत संरक्षण अधिकारी के समक्ष किया जा



सकता है। इसके अलावा कार्य स्थलों में भी इस संबंध में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य किया गया है। इस क्रम में संगीता देवांगन एवं रेखा सिंह, ममता ठाकुर द्वारा सखी संस्था में प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं जैसे परामर्श, विधिक सहायता, चिकित्सीय सहायता, पुलिस सहायता महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी, बाल विवाह के दुष्प्रभाव एवं विधिक सेवा प्राधिकरण से सचिव अपूर्वा दांगी द्वारा विधिक जानकारी दी इसके साथ ही कार्यक्रम में बाल विवाह के खिलाफ शपथ लेने एवं लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिये बच्चों द्वारा नारे लगा कर रैली निकाली गई। साथ ही घर-घर जाकर पम्पलेट और पोस्टर का वितरण कर आम नागरिकों को महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों का प्रचार-प्रसार किया गया।

## ड्राइविंग में ढूंढा बेरोजगारी का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना युवाओं को रोजगार के लिए कौशल प्रदान करने की एक उत्कृष्ट पहल है। इस योजना के माध्यम से ने केवल विभिन्न कौशल ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण सुविधा दी जाती है। साथ ही साथ प्लेसमेंट किए जाने और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन भी दिए

- **मनोज के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना बनी वरदान**

जाते है। वर्तमान में इस योजना के माध्यम से हजारों युवाओं ने आत्मनिर्भर बनकर बेरोजगारी के कुचक्र से मुक्ति पाई है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना का मुख्य उद्देश्य यही है कि हर युवा को उसकी क्षमता और रुचि के अनुसार उचित प्रशिक्षण देकर उन्हें समाज का उत्पादक और सशक्त हिस्सा



बनाया जाए। यह योजना वास्तव में बेरोजगार युवाओं के लिए एक वरदान बनकर उभरी है। गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बड़े सुरोखी के रहने वाले मनोज यादव भी ऐसे ही युवा है जो इंटरमीडिएट पास करके बेरोजगारी से जूझ रहे थे। इस संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए वे बताते है कि एक निर्धन कृषक परिवार से संबंधित रखते है पिता सामान्य कृषक है कृषि भूमि भी सामान्य है यही कारण है कि 12वीं के बाद उन पर कमाउ होने का दबाव था। 3 भाईयों मे 2 दो बड़े भाई छोटे मोटे रोजगार कर रहे थे।

अतः उनके लिए भी यह जरूरी हो गया था कि परिवार की आय में अपना योगदान दें। इसी दौरान लाइवलीहुड कॉलेज कारली दंतेवाड़ा में आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से लाइवलीहुड कॉलेज में मोटर ड्राइविंग निःशुल्क प्रशिक्षण की जानकारी मिली बिना। देर किए उन्होंने तुरन्त अपना फॉर्म कॉलेज में सबमिट कर दिया और वे तीन महीने के आवासीय प्रशिक्षण का हिस्सा बन गए। प्रशिक्षण के दौरान, उन्हें न केवल गाड़ी चलाने के तकनीकी कौशल सिखाए गए, बल्कि यातायात नियमों, ग्राहक सेवा, और सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां भी प्रदान की गईं। इसके साथ ही यात्रियों से बातचीत करने के सलीके, व्यवहार के संबंध में भी बताया गया। इस तीन महीने के प्रशिक्षण से यह परिणाम निकला कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत दंतेवाड़ा मुख्यालय में ही टैक्सी कंपनी में निजी ड्राइविंग का काम मिल गया।

जहां 7 हजार वेतन के साथ भत्ते भी दिए जाते हैं। आज मनोज टैक्सी चलाकर हर महीने एक स्थिर आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार किया है, बल्कि अपने परिवार को भी एक बेहतर जीवन प्रदान किया है। मनोज का कहना है कि उन्हें संतुष्टि है कि अब मैं अपने परिवार के आय में सहयोग कर पा रहा हूं। इसके अलावा सबसे बड़ी बात है कि अब मैं अपने घर वाले के ऊपर आश्रित नहीं रहता हूँ, इस प्रशिक्षण ने मेरी जिंदगी बदल दी। इसका पूरा श्रेय मैं अपने माता-पिता, प्रशिक्षक एवं संस्था के संचालक, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना को देना चाहूंगा।



## खबर संक्षेप



### वॉलीबाल प्रतियोगिता में जी समवाय रही विजेता

**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के वाहिनी मुख्यालय में अरुण देवगम कमांडेंट 28वीं वाहिनीं के निर्देशन में 01 दिसबंर मासिक अंतर समवाय खेल प्रतियोगितायों के अंतर्गत वॉलीबाल मैच का फाइनल मैच डी समवाय बनाम जी समवाय का आयोजन किया गया, जिसमें जी समवाय 3-2 से विजयी रही।

### गिरकर घायल हुए ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत शांति नगर कांकेर निवासी गोविंद जैन का ईलाज के दौरान 9 नवंबर को रायुपर के जिला अस्पताल में मौत हो गया। वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक स्वयं फिसलकर गिर गया था, जिससे उसे चोट आई थी। ईलाज के दौरान उसका मौत हो गया। मर्ग डायरी कांकेर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### घायल की मौत की विवेचना है जारी

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत भण्डारीपारा निवासी नरेंद्र यादव का ईलाज के लिए रायपुर के जिला अस्पताल में मौत हो गया। वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट होने की वजह से ईलाज के दौरान मौत हो गई। रायपुर थाना शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कांकेर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### लोकल मटर 150 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** मौसमी सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों की दरें कम हुई, बाजार में शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार पहुंचे। ठंड के मौसम में आने वाला लोकल मटर बाजार में 150 रूपए पर रायपुर का मटर 90 रूपए, टमाटर 40, भट्टा 30, बरबटी 40, भटटा 40, करेला 40, आलू 40, प्याज 70, अदरक 200, लहसून 450, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 20 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी भाजी 20 रूपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### तरुण बने पिछड़ा वर्ग के संभाग अध्यक्ष

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग प्रदेश स्तरीय संभाग स्तरीय पदाधिकारियों का बैठक बस्तर संभाग के शौण्डिक भवन जगदलपुर में किया गया। जिसमे संभाग एवं प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी सर्व सम्मति से चुनाव किया गया। संभाग अध्यक्ष के रूप में तरूण सिंह धाकड़ को सर्व सम्मति से चुना गया। संभाग उपाध्यक्ष के रूप में फूलचंद दीवान कोंडागांव, अरविंद जैन कांकेर,नारायण प्रसाद साहू, पुनीत राम सेन बालोद, कांकेर संभाग सचिव किशोर कुमार दीवान दंतेवाड़ा सह सचिव केशर निषाद,संभाग प्रवक्ता देवलाल सोनवंशी कोंडागांव, इसी के साथ ही छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग के प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मति से किया गया।

## विरोध : समाज प्रमुखों ने बांग्लादेश सरकार के रवैए पर आक्रोश जाहिर किया

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में कल जनसभा व रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांग्लादेश में हिंदुआ पर हो रहे अत्याचार के विरोध को लेकर कांकेर में 1 दिसंबर को

■ राजनीतिक अस्थिरता और कट्टपंथी ताकतों के उभरने से हिंदुओं पर अत्याचार चिंताजनक

बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समाज के लोगों ने पहुँचकर बांग्लादेश में हो रही घटनाओं पर आक्रोश जताया और बैठक में 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे नए बस स्टैंड कांकेर में जनसभा और विशाल रैली करने का निर्णय लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बांग्लादेश में हाल के दिनों में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचार गंभीर चिंता का विषय बने हुए हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद



बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों का आतंक!

इस्कॉन मंदिर फूंका, अल्पसंख्यक हिंदुओं पर टूटा कहर

घरों पर कब्जा-लूटी जा रहीं दुकानें और फैक्ट्रियां!

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार तेजी से बढ़ा है। राजनीतिक अस्थिरता और कट्टपंथी ताकतों के उभरने से हिंदुओं को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। कट्टपंथी समूह विशेष रूप से जमात-ए-इस्लामी ने हिंदुओं के घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया है। इस्कॉन मंदिरों और अन्य हिंदू धार्मिक स्थलों पर आगजनी और तोड़फोड़ की गई। उदाहरण के लिए मेहरपुर में इस्कॉन मंदिर पर हमला किया गया। हिंदुओं के घरों, दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर आग लगा दी गई और लूटपाट की गई। कट्टपंथियों ने हिंदुओं को उनके घर छोड़ने या धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला जा रहा। कई हिंदू नेताओं और कार्यकर्ताओं को मार डाला गया। जैसे, रंगपुर में हिंदू पार्षदों को गोली मार दी गई। हिंदुओं को इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कट्टपंथी समूहों ने सार्वजनिक रूप से कहा कि हिंदुओं के पास /"इस्लाम अपनाने/" या /"मरने/" के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

आयोजित बैठकों में प्रबुद्वजनों ने कहा कि हिंदुओं पर इस्लाम कबूलने का दबाव, संपत्तियों पर कब्जा और हिंसा के कई मामले सामने आए हैं। इन अत्याचारों की वजह से हिंदू समुदाय की जनसंख्या तेजी से घट रही है। 1951 में जहां हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी, वहीं 2022 तक घटकर मात्र 7.95 प्रतिशत रह गई। अंतरराष्ट्रीय समुदाय और मानवाधिकार संगठनों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की जा रही है, ताकि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

## रासेयो शिविर सुखई के अनुभव से स्वयंसेवकों का बढ़ा मनोबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम सुखई में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतीकात्मक रूप से पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और एनएसएस के भावपूर्ण गान से किया। इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य डी. एल बढ़ाई ने सभी उपस्थित लोगों का हार्दिक स्वागत किया।

सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवलाल नरेटी ने उद्घाटन भाषण में सामुदायिक सेवा के महत्व और समाज पर इसके दूरगामी प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने छात्रों को शिविर में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया और शिविर की सफलता के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जीआर मंडावी सहा.प्राध्यापक ने विशिष्ट अतिथियों और समर्पित स्वयंसेवकों को एनएसएस कार्यक्रम की योजनाबद्ध रुपरेखा मिनट-दर-मिनट अनुसूची का अवलोकन प्रदान किया। उद्घाटन समारोह में सुमित्रा जगत दुग्गा सरपंच ग्राम पंचायत सुखई, तुलसीराम माहवे ग्राम गायता, बज्जूराम कोमरा ग्राम पटेल, खेमनलाल मंडावी, देवसिंह कांगे, दिलीप ताम्रकार, नेहा मंडावी, मुकेश कुमार गावड़े, समस्त ग्रामवासी और एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सिर में चोट लगने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम चवेल निवासी 40 वर्षीय अशोक पटेल के सिर में चोट आने पर ईलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान 13 मई को मौत हो गया। थाना रायपुर से मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## मुरिया समाज ने अफसर बने मुन्ना कश्यप का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुरिया समाज बस्तर के द्वारा प्रतिवर्ष मुरिया समाज के छात्र-छात्राओं के द्वारा लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक मंडल, रेल्वे निट,एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन सफलता हासिल करने पर मुरिया समाज सम्मान समाज की ओर से दिया जाता है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा पास होकर आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग में मुन्ना कश्यप को सहायक संचालक पद पर नियुक्त मिलने पर मुरिया समाज के द्वारा समान समारोह का आयोजन जगदलपुर जिला मुख्यालय मुरिया सदन में आयोजित किया गया ।मुन्ना कश्यप ने बताया कि प्राथमिक शाला परियागुड़ा, माध्यमिक शाला तारागांव, हाई स्कूल कोटियागुड़ा, 11वीं तथा 12वीं प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर



में रहकर पढ़ाई की। उच्च शिक्षा एनआईटी रायपुर में इंजीनियरिंग में स्नातक की। मुरिया समाज भवन मुरिया सदन में रहकर सेल्फ स्टडी करके छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की तैयारी की। सेल्फ स्टडी के लिए लाल जगदलपुर ग्रंथालय में जाकर अपनी तैयारी की।

आगे मुझे तैयारी छत्तीसगढ़ पीएससी तथा यूपीएससी की तैयारी करूंगा और बस्तर के लिए सेवा दूंगा।इस दौरान मुरिया समाज के अध्यक्ष जगदीश चंद्र मौर्य कहा कि मुरिया समाज ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग के सहायक संचालक बनने पर बधाई दी है। यह सम्मान उस व्यक्ति को प्राप्त हुआ है जो आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखता है और जो प्रशासनिक सेवा में सफलता हासिल करने में सफल हुआ है। यह न केवल उस व्यक्ति के लिए मुरिया समाज उपलब्धि है ।

मुरिया के लिए गर्व की बात है, क्योंकि यह समाज में उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण संकेत है। इस तरह की बधाई और सम्मान आदिवासी समाज की शिक्षा, सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनता है।

## बैंक में जीवन पत्र जमा करने के आड़ में पेंशनर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बैंक द्वारा पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा प्रदान करने संबंधी चाहे जितने दावे किए जाएं किंतु कतिपय बैंक प्रबंधकों की लापरवाही एवं असहयोगात्मक रवैय्ये के कारण सारे दावे निर्मूल साबित हो रहे हैं।

यह बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण ताटी ने जारी बयान में

■ जीवन प्रमाण पत्र तभी स्वीकार किया जा रहा जब प्रपत्र पर संघ के अध्यक्ष का हस्ताक्षर हो

कही है। बैंकों द्वारा वयोवृद्ध एवं अशक्त पेंशनरों को घर पहुंच सेवा देते हुए जीवन प्रमाण पत्र जमा करने एवं अन्य सुविधाएं देने वाली बात जमीनी स्तर पर खोखली साबित हो रही है। सच्चाई यह है कि आज भी कई पेंशनर एवं परिवार पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

ताटी ने कहा ऐसा ही एक परिवार पेंशनर का मामला जो कि



भारतीय स्टेट बैंक शाखा भोपालपटनम से संबंधित है प्रकाश में आया है। परिवार पेंशनर अनिता रंगुवार 29 नवम्बर 2024 को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने एसबीआई भोपाल पटनम गई तो बैंक कर्मियों ने कहा इसमें स्थानीय पेंशनरों के संघ के अध्यक्ष का सील और हस्ताक्षर नहीं है कराकर ले आइए फिर आपका फार्म लिया जावेगा। बैंक कर्मियों के व्यवहार से निराश परिवार पेंशनर को संघ के अध्यक्ष के पास जाना पड़ा। संघ के अध्यक्ष ने कहा हमारे संघ के नियमानुसार परिवार पेंशनर को 1000 एवं जो नियमित पेंशनर हैं उनसे 3000 चंदा लेकर ही जीवन प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर किया जाना है। आप एक हजार रुपए दीजिए फिर मैं सील लगाकर हस्ताक्षर कर दूंगा। चूंकि महिला पेंशनर के पास इतनी राशि नही थी अन्त में 200 रुपए लेकर अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किया। ताटी ने कहा सवाल यह है कि संघ के अध्यक्ष को पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने का अधिकार आखिर किसने दिया,राज्य शासन ने दिया कि बैंक प्रशासन ने अधिकृत किया।

### यह जांच का विषय है

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्राहकों से छोटी छोटी त्रुटि होने पर नियम कानून बताने वाला स्टेट बैंक अपने ही बैंक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनाधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं सील लगे प्रपत्र को आखिर स्वीकार कैसे कर रहा है। अब तक ऐसे अनेकों पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र संघ के अध्यक्ष के सील तथा हस्ताक्षर के बाद बैंक द्वारा स्वीकार किए जाने की जानकारी मिली है। प्रथम दृष्टया पूरे मामले में बैंक कर्मियों की मिली भगत नजर आ रही है।

### निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर करें कार्रवाई

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इस मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की। मांग करने वाले पेंशनरों में किशोर कुमार जाधव,डी रामन्ना राव, अब्दुल सत्तार खान, आनिंध्य बागची,शिव प्रसाद मिश्रा, आरएस पांडे, एसपी ठाकुर, पीएस ठाकुर, रैमन दास झाड़ी, अय्यूब खान,हेमंत सिंह ठाकुर, करमजीत कौर, ललिता यादव, सरोज साहू,मीता मुखर्जी, ललिता यादव, जयमनी ठाकुर एवम शुभ्रा कुंडू शामिल हैं।

## नक्सल प्रभावित एलमागुण्डा साप्ताहिक बाजार में सीआरपीएफ ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित एलमागुण्डा साप्ताहिक बाजार में सीआरपीएफ ने रविवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन कर बाजार में मौजूद ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार कर दवा बांटी। सीआरपीएफ के इस आयोजन का लाभ एलमागुण्डा समेत आसपास के गावं के लोगों को भी मिला जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की।

सीआरपीएफ सेकंड बटालियन कमाण्डेंट रतिकांत बेहरा ने बताया कि सीआरपीएफ क्षेत्र में की शांति के लिए तैनात है। इसके लिए लगातार प्रयास कर क्षेत्र के ग्रामीणों का विश्वास जीतने में सीआरपीएफ को लगातार सफलता मिल रही है।




उन्होंने ग्रामीण युवाओं विशेषकर पढ़े लिखे विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि प्रतियोगीता परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं की मदद करने हम तैयार है इसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को मिल भी रहा है। गौरतलब है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों की मदद के लिए समय समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत साप्ताहिक बाजार में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सीआरपीएफ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा पंकज कुमार व स्टॉफ द्वारा बाजार स्थल से लगे एलमागुण्डा टी पाईंट के करीब शिविर लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सबंधी चेकअप किया गया और दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक कमाण्डेंट ज्ञानेश प्रताप सिंह व राजीव कुमार के अलावा निरीक्षक एनसी महतो व अन्य मौजूद थे।

### शांति व्यवस्था व क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर

कमाण्डेंट रतिकांत बेहरा ने बताया कि क्षेत्र के विकास व शातिं व्यवस्था के लिए तैनात सीआरपीएफ हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का विकास तेजी से हो और शातिं के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते है।

## करमरी में अस्थि रोग शिविर में 239 लोगों का निशुल्क उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत करमरी बस्तर में अस्थि रोग निवारण के लिए विशेषज्ञ स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के ग्राम पंचायत करमरी में अस्थि रोग निवारण विशेषज्ञ स्वास्थ शिविर को सफल पूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थि रोग से बचने और उनका बेहतर इलाज करने के लिए जागरूकता फैलाना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम ने ग्राम करमरी में 239 मरीजों का निशुक्ल उपचार किया और उन्हें निःशुल्क दवाई वितरण भी किया। इसके अतिरिक्त 40 लोगो का पैथोलॉजी परीक्षण भी किया गया। जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओ का गहराई से विश्लेषण और उपचार किया जा सके। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर अविनाश नेताम एमडी मेडिसिन, डॉक्टर प्रवेश मिश्रा आर्थो पेडिक्स सर्जन डॉक्टर दीपांशु त्रिवेदी एमबीबीएस सीएचसी बस्तर , बीपीएम राजेंद्र कुमार बघेल बस्तर डॉक्टर विभाष ओझा, जिला समन्वयक सूरज पटनायक के टीम के द्वारा शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी ।

### बीमा कंपनी देगी 2 लाख की क्षतिपूर्ति व मानसिक कष्ट के लिए 10 हजार

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को 2 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति और मानसिक कष्ट के लिए 10 हजार रूपए दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। यह निर्णय आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी सम्यक शर्मा द्वारा स्वयं का स्वास्थ्य बीमा स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से करवाया गया था। आवेदक सीढ़ी से उतरते समय घुटने में लगी चोट से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी जगदलपुर सहित रायपुर में चिकित्सा कर, उसके पैर में प्लेट्स डाली गई थी। आवेदक द्वारा दावा आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा कंपनी के समक्ष दावा पेश किया था।

## गोंडेरास में 5 आंगनबाड़ी भवन अधूरे, खुले मैदान में बैठ रहे नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नक्सल प्रभावित गोंडेरास में बीते 4 साल से 5 आंगनबाड़ी भवन अधूरे पड़े हैं। इसके चलते भवन खंडहर होते जा रहे हैं। पंचायत सचिव और सरपंच ने अधूरे भवनों की पूरी राशि भी आहरण कर ली गई है। आंगनबाड़ी

■ सचिव—सरपंच ने आहरण कर ली गई आधे—अधूरे भवनों की पूरी राशि

भवन अधूरे होने की वजह से बच्चों को खुले मैदान में बैठाया जा रहा हैं। वहीं बैठकर बच्चे भोजन भी कर रहे हैं। जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी के कारण बच्चों को शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। कुपोषण दूर करने की दिशा में भी सरकारी दावे फेल होते नजर आ रहे हैं।

सुकमा जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम पंचायत गोंडेरास में वर्ष 2021-22 में आंगनबाड़ियों का निर्माण पुजारीपारा,





पटेलपारा, लेंडीपारा, पेदापारा,पेरमापारा में निर्माण कराया गया था। जिसमें 6 वर्षों के बच्चों का मानसिक विकास के साथ पोषण, स्वास्थ्य और बच्चों का बचपन का देखभाल किया जाता है। ऐसे छोटे बच्चों को पूर्व स्कूली शिक्षा प्रदान के लिए अक्षर ज्ञान, संख्या ज्ञान सिखाया जाता है। लेकिन जिम्मेदार अफसर और ठेकेदार की लापरवाही के कारण आंगनबाड़ी अधूरे हैं और खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। भवन निर्माण में बरती गई निम्न स्तर व गुणवत्ताहीन सामग्री से आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो गए हैं और अब मरम्मत के काबिल नहीं रह गए हैं।

### कार्रवाई करने की मांग

एआईवाइएफ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश नाग ने कलेक्टर सुकमा को ज्ञापन सौंपकर आंगनबाड़ी भवनों के मूल्यांकन कर उचित कार्रवाई की मांग की है।



उन्होंने कहा कि नौनिहालों के भविष्य के साथ ठेकेदार और अधिकारियों ने खिलवाड़ किया है। मिलीभगत से आंगनबाड़ी को गुणवत्ताहीन बनाया गया है। नक्सल प्रभावित इलाके की आड़ में सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया है।

### बिना हेलमेट व 3 सवारी पर पुलिस ने की कार्रवाही

**बस्तर।** बस्तर थाना के सामने पुलिस ने बिना हेलमेट एवं तीन सवारी वाहन चालकों को जागरूक करते कारवाही की। रविवार की शाम को पुलिस के जवानों ने बिना हेलमेट पहने तीन सवारी वाहन चालकों को रोका और उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने समझाइस दी। वैसे तो विभाग द्वारा समय समय पर लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता लाने कई प्रयास किए जा रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज